# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 16.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 16.05.2025

### वीडीए सचिव ने तीन अवैध निर्माण कराए सील

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्र ने बृहस्पतिवार को चेतगंज वार्ड के मलदहिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 3 निर्माणों को सील कराया।

सरला बेन रसिक भाई समानी की ओर से कबीर कार्तिक मंदिर में मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक निर्माण कराने पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अलका ग्रोवर अनमोल इंटरप्राइजेज विजयनगर कॉलोनी गेट के ठीक सामने मलदहिया अवैध निर्माण कराने पर भवन को सील किया गया। भेलूपुर वार्ड के बड़ी गैबी में मोहम्मद इलियास की ओर से बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण को सील किया गया। वीडीए के अवर अभियंता सोनू कुमार ने कार्रवाई की। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 16.05.2025

### विकास प्राधिकरण ने सील किया अवैध निर्माण

वाराणसी : विकास प्राधिकरण सचिव डा. वीपी मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोन चार के जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि भेलूपुर वार्ड के बड़ी गैबी में मोहम्मद इलियास बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण कर रहे थे। एक मई को नोटिस जारी की गई थी लेकिन निर्माण जारी रहा।

## आज–दि0 16.05.2025

### दशाश्वमेध प्लाजा का कायाकल्प शुरू

वाराणसी विकास प्राधिकारण ने दशाश्वमेध प्लाजा की काया-कल्प करने का कार्य शुरू कर दिया है जिसमें करीब ६४ लाख ७७ हजार रुपये लागत निर्धारित की गयी है। इस परियोजना का उद्देश्य घाट क्षेत्र को अधिक आकर्षक बनाना, सांस्कृतिक के रूप में स्मृद्धि बनाना, डिजाइनिंग भवन रंग परिवर्तन एवं अन्य प्रकार के सौंदर्य की व्यवस्था की जायेगी जिसमें कि मुख्यत: दिवारों को भूरे रंग से रंगने का कार्य, नये विज्ञापन बोर्ड स्थापित करने का जगह निर्धारित करना, डिजाइन में इस बात का प्रयास किया जायेगा कि मेंटल जाली में फ्लोरल और कलश का डिजाइन बनाया जाये। रात्रि में प्रकाश के लिए उच्चकोटी के लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि दशाश्वमेध घाट की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करना इस परियोजना का लक्ष्य है। इसी प्रकार विप्रा अन्य महत्वपूर्ण चौराहों स्थलों को सुंदर बनाने का कार्य शुरू करेगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 16.05.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 61.77 लाख की लागत से हो रहा सौंदर्यीकरण कार्य

वाराणसी । ऐतिहासिक दशाश्वमेध घाट क्षेत्र में स्थित दशाश्वमेध प्लाज़ा के सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण का कार्य इस समय तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना का क्रियान्वयन वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत ?61.77 लाख रुपये निर्धारित की गई है ।इस परियोजना का उद्देश्य घाट क्षेत्र को अधिक आकर्षक, सुरक्षित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाना है। कार्य में मेटल जाली डिज़ाइन, भवन रंग परिवर्तन, अव्यवस्थित विज्ञापन हटाना, एवं प्रवेश क्षेत्र का सौंदर्यीकरण शामिल है। प्लाज़ा की बाहरी दीवारों को भूरे रंग से रंगने का कार्य जारी है, जिससे यह आसपास के परिदृश्य में सामंजस्य स्थापित करेगा ।पुराने विज्ञापन बोर्डों को हटाया जा चुका है तथा निर्धारित स्थान पर नए विज्ञापन बोर्ड स्थापित किए जा रहे हैं।–मेटल जाली की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है खिड़कियों और दरवाज़ों पर जालियाँ लगाई जा रही हैं, जो न केवल सुरक्षा प्रदान करेंगी बल्कि प्राकृतिक वेंटिलेशन भी सुनिश्चित करेंगी। इन जालियों का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा के लिए बंदर से बचाव है ।बालकनी की खुली जगहों को बंद करने का कार्य भी साथ–साथ चल रहा है ताकि सुरक्षा में वृद्धि हो ।प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगेगा जिसपर प्लाज़ा का नाम प्रदर्शित होगा ।इस्तेमाल हो रही रूस मेटल जाली में फ्लोरल और कलश–आधारित डिज़ाइन अपनाया गया है, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संयोजन है ।रात्रि में प्रकाश व्यवस्था भी डिजाइन का हिस्सा है, जिससे यह क्षेत्र रात के समय भी सौंदर्यपूर्ण दिखाई देगा ।यह परियोजना न केवल दशाश्वमेध घाट की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देगी, बल्कि आगंतुकों व स्थानीय लोगों को एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण भी प्रदान करेगी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और आने वाले समय में भी इसी प्रकार की योजनाओं को कार्यरूप देने हेतु प्रतिबद्ध है।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 16.05.2025

### विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 वार्ड भेलूपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड भेलूपुर के अंतर्गत मोहम्मद इलियास व अन्य द्वारा बड़ीगैबी वार्ड भेलूपुर जिला-वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा 27,28(1) व 28(2) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही दिनांक 01-05-2025 को की गयी थीद्य पक्ष द्वारा रात्रि के दिनों में चोरी छीपे कार्य किये जाने पर आज दिनांक 15-05-2025 को भवन को सील कर सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।मौके पर अवर अभियंता सोनू कुमार, व प्रवर्तन टीम उपस्थित रही। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 16.05.2025

### दशाश्वमेध प्लाजा का कायाकल्प कार्य प्रगति पर , जाली डिज़ाइन से निखरेगा स्वरूप

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 61.77 लाख की लागत से हो रहा सौंदर्यीकरण कार्य



वाराणसी ।ऐतिहासिक दशाश्वमेध घाट क्षेत्र में स्थित दशाश्वमेध प्लाज़ा के सौंदर्यीकरण एवं संरचनात्मक सुदृढ़ीकरण का कार्य इस समय तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना का क्रियान्वयन वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। जिसकी कुल लागत 61.77 लाख रुपये निर्धारित की गई है।इस परियोजना का उद्देश्य घाट क्षेत्र को अधिक आकर्षक सुरक्षित और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाना है। कार्य में मेटल जाली डिज़ाइन भवन रंग परिवर्तन अव्यवस्थित विज्ञापन हटाना एवं प्रवेश क्षेत्र का सौंदर्यीकरण शामिल है।'प्रमुख कार्य जो प्रगति पर है इस प्रकार है।. प्लाजा की बाहरी दीवारों को भूरे रंग से रंगने का कार्य जारी है, जिससे यह आसपास के परिदृश्य में सामंजस्य स्थापित करेगा। पुराने विज्ञापन बोर्डों को हटाया जा चुका है तथा निर्धारित स्थान पर नए विज्ञापन बोर्ड स्थापित किए जा रहे हैं। मेटल जाली की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ,खिड़कियों और दरवाज़ों पर जालियाँ लगाई जा रही है जो न केवल सुरक्षा प्रदान करेंगी बल्कि प्राकृतिक वेंटिलेशन भी सुनिश्चित करेंगी। 'इन जालियों का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा के लिए बंदर से बचाव है।' बालकनी की खुली जगहों को बंद करने का कार्य भी साथ.साथ चल रहा है ताकि सुरक्षा में वृद्धि हो।. प्रवेश द्वार पर बोर्ड लगेगा जिसपर प्लाजा का नाम प्रदर्शित होगा।. इस्तेमाल हो रही मेटल जाली में फ्लोरल और कलश.आधारित डिज़ाइन अपनाया गया है जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संयोजन है। रात्रि में प्रकाश व्यवस्था mehener peheonæ भी डिजाइन का हिस्सा हैं । जिससे यह क्षेत्र रात के समय भी सौंदर्यपूर्ण दिखाई देगा।यह परियोजना न केवल दशाश्वमेध घाट की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती देगी बल्कि आगंतुकों व स्थानीय लोगों को एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित वातावरण भी प्रदान करेगी।वाराणसी विकास प्राधिकरण इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और आने वाले समय में भी इसी प्रकार की योजनाओं को कार्यरूप देने हेतु प्रतिबद्ध है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## न्यायाधीश–दि0 16.05.2025

### वाविप्रा जोन-4 वार्ड भेलूपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध की गई सील की कार्यवाही




वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 वार्ड भेलूपुर के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड भेलूपुर के अंतर्गत मोहम्मद इलियास व अन्य द्वारा बड़ीगैबी वार्ड भेलूपुर जिला-वाराणसी में बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा 27,28(1) व 28(2) के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही दिनांक 01-05-2025 को की गयी थीत पक्ष द्वारा रात्रि के दिनों में चोरी छीपे कार्य किये जाने पर आज दिनांक 15-05-2025 को भवन को सील कर सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। मौके पर अवर अभियंता सोनू कुमार, व प्रवर्तन टीम उपस्थित रही ।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।


## भारत एकता टाइम्स–दि0 16.05.2025

### वीडीए ने 04 बिल्डिंग की सील

**कार्रवाई**

✡ **चोरी-छिपे हो रहा था बिना नक्शे भवन का निर्माण**

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**



विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को अभियान चलाकर 04 स्थानों पर हो रहे अवैध निर्माण को रोक दिया और भवन स्वामी को नोटिस थमाने के साथ सील बिल्डिंग को पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया। भेलूपुर थाना क्षेत्र के बड़ी गैबी में मोहम्मद इलियास वीडीए से नक्शा पास कराए बिना निर्माण करा रहा था। 01 मई को वीडीए ने नोटिस थमाने के साथ निर्माण कार्य बंद कराने को कहा था। पता चला कि रात में वहां चोरी छिपे निर्माण कार्य चल रहा है। जानकारी पर जोनल अधिकारी सोनू कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बिल्डिंग को सील कर दिया। वीडीए सचिव वेद प्रकाश मिश्र ने दोपहर बाद चेतगंज वार्ड का निरीक्षण किया। सिगरा, मलदहिया इलाके में अनुमति बिना तीन आवासीय, व्यवसायिक निर्माण मिले। जैतपुरा में सरला बेन रसिक भाई समानी 03 हजार वर्ग मीटर में ऋ प्लस 04 का बिना नक्शा स्वीकृत कराए निर्माण करा रहे थे। विजय नगर कालोनी के गेट के समीप अलका ग्रोवर 25 सौ वर्गफीट में व्यावसायिक निर्माण करा रहे थे। मलदहिया लोहा मंडी में सोनी गुप्ता 06 सौ स्क्वायर फीट में जी प्लस 03 फ्लोर का निर्माण करा रही थी। किसी ने भी वीडीए से नक्शा स्वीकृत नहीं कराया था। वीडीए सचिव की मौजूदगी में जोनल की टीम ने तीनों बिल्डिंग को सील कर दिया।